# रिश्ता तू बनाले श्याम से | By Mukesh Bagda

तेरे हर दुःख में हर सुख में ये ही काम आएगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

ये ऐसा सच्चा साथी हर दुःख में साथ निभाए
इस जग से हार गया जो उसे बढ़कर गले लगाए
जब ठुकरा देगी दुनिया येही साथ आएगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

ये अहिलवती का लाला हारे का बना सहारा
दिया शीश दान नटवर को पर माँ का वचन ना टाला
तिहुँ लोक में ऐसा दानी ना कोई और पायेगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

श्री कृष्ण का हाल ना पूछो किया कैसा छल ये है
झर झर बहते थे आंसू बस इतना ही कह पाए
मेरे नाम से तू कलयुग में पहचाना जायेगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

खाटू में जो भी आता मेरे श्याम से नज़र मिलाता
वो श्याम दीवाना होकर बस इसमें ही खो जाता
तू आज अमन इसे ध्या ले भव पार जाएगा
रिश्ता तू बनाले श्याम से आराम पायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-mukesh-bag/